दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

# सिक्योरिटी फीचर नहीं, कलर प्रिंटर से बना सकते हैं नकली मार्कशीट

**Ujjain News - विक्रम विश्वविद्यालय में दो साल में नकली मार्कशीट व डिग्री के दो मामले सामने आने के बाद विश्वविद्यालय की...**

Feb 04, 2020, 09:30 AM IST

विक्रम विश्वविद्यालय में दो साल में नकली मार्कशीट व डिग्री के दो मामले सामने आने के बाद विश्वविद्यालय की अंकसूचियों के सिक्योरिटी फीचर पर भी सवाल खड़ा हो गया है। नोट की तरह प्रकाश में देखने पर कागज के भीतर नजर आने वाला प्रतिबिंब (लोगो) के अलावा ऐसा कोई सिक्योरिटी फीचर विश्वविद्यालय की मार्कशीट में नहीं है, जिससे अंकसूची की डुप्लीकेट प्रति न बनाई जा सके। लचर सिक्योरिटी फीचर के कारण अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए आसानी से कलर प्रिंटर से ही विश्वविद्यालय की हूबहू नकली मार्कशीट तैयार की जा सकती है।

साइबर, कंप्यूटर आ ैर ग्राफिक्स डिजाइन एक्सपर्ट इसी कमजोर सिक्योरिटी फीचर का फायदा उठाकर नकली अंकसूची तैयार कर सकते हैं। 2018 के बाद हाल ही में नकली मार्कशीट का एक ओर मामला सामने आया है। 2018 में चिराग बत्रा नाम से बीए की तीन वर्षों की अंकसूचियां सत्यापन के लिए विवि में आई थी, जो नकली निकली। हाल ही में बास्तव देबवर्मा के नाम से एमए मनोविज्ञान की चार सेमेस्टर की अंकसूचियां आ ैर वर्ष 2010 की डिग्री सत्यापन के लिए आई। यह भी नकली निकली। नकली डिग्री तैयार करने वाले ने कला में गुरु नाम से जाली डिग्री तैयार कर दी। जबकि विवि में मनोविज्ञान पाठ्यक्रम संचालित ही नहीं होता है। त्रिपुरा में शिक्षक भर्ती के लिए इसी अंकसूचियों के आधार पर आवेदन किया था। इसलिए यह सत्यापन के लिए आई थी।

**अगले टेंडर में बढ़ाई जाएगी अंकसूचियों की सुरक्षा**

कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र शर्मा ने बताया नकली अंकसूची व डिग्री के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जा चुका है। डिग्री में पर्याप्त सिक्योरिटी फीचर है। अगले टेंडर में अंकसूची में सिक्योरिटी फीचर आ ैर बढ़ाए जाएंगे।

**विक्रम विश्वविद्यालय : अंकसूची व डिग्री में विवि के लोगो के अलावा कोई यूनिक फीचर नहीं**

Source: https://www.bhaskar.com/mp/ujjain/news/mp-news-can-make-fake-marksheets-with-color-printer-not-security-features-093050-6540476.html